Title: Need to take urgent steps to check the erosion and repair Railway Bridge on Ghaghara river at Suratganj in Barabanki Uttar Pradesh.

श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी): सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विÂाय पर बोलने का अवसर दिया। मेरे लोक सभा क्षेत्र बाराबंकी के रामनगर तहसील में सूरतगंज, सरौली भोजपुर और रामनगर ब्लाकों में प्रतिवÂान् घाघरा नदी की बाढ़ से तबाही होती है, यह अविलम्बनीय लोक महत्व का विÂाय उससे सम्बन्धित है। वÂान् 2009 में आई बाढ़ के कारण मेरे लोक सभा क्षेत्र में निरंतर दूसरे वÂान् घाघरा नदी पर एलगिन रेलवे ब्रिज के अपस्ट्रीम में बने चौका गाइडबंद एवम् गणेशपुरस्पर बने पुल पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसके कारण क्षेत्र में व्यापक रूप से जनजीवन अस्तव्यस्त हुआ और जनजीवन की हानि भी हुई। इसके अलावा रेलवे ट्रैक के पास भी कटान के कारण रेल संचालन में व्यवधान की आशंका उत्पन्न हो गई है। इस सम्बन्ध में मेरे द्वारा रेल मंत्रालय को कई बार पत्र लिखकर अवगत कराया जा चुका है। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि बांध सुरक्षित है, लेकिन पिछले दो वÂान् से केवल रेलवे के इन्हीं बांधों के कारण रामनगर ब्लाक के पूरे क्षेत्र में भीÂाण तबाही हुई है। इसका प्रभाव सूरतगंज, सरौली-भोजपुर क्षेत्र पर भी पड़ा है। रेलवे के द्वारा इसे गम्भीरता से नहीं लिया जा रहा है। यदि इस प्रकार के महत्वपूर्ण प्रकरण की उपेक्षा की गई तो इसके परिणाम दुखद हो सकते हैं। यह अत्यंत महत्वपूर्ण मामला है। इसलिए इसमें त्वरित कार्रवाई करने की आवश्यकता है ताकि आने वाले मानसून में पुनः बाढ़ जैसी स्थिति पैदा होने पर जनजीवन व रेलवे ट्रैक को कोई हानि न हो। इन बांधों को इतना मजबूत करने की आवश्यकता है ताकि भविÂय में कभी भी बाढ़ के समय इन्हें क्षति न पहुंचे। मैं रेल मंत्री जी का ध्यान इस लोक महत्व के विÂाय की ओर आकर्Âिात करते हुए कहना चाहता हूं कि वह इस सम्बन्ध में जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठाने के निर्देश देने की कृपा करें।